प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 16.08.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. कोलकाता में महिला डॉक्टर से कथित दुष्कर्म और हत्या के मामले को लेकर प्रदेश में डॉक्टरों का प्रदर्शन जारी : भारतीय चिकित्सा संघ ने कल देश भर में गैर–आपातकालीन सेवाएं बंद करने की घोषणा की।
2. केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह को आज लखनऊ में अमेरिकन कॉलेज ऑफ फिजिशियन इंडिया चौप्टर के 9वें वार्षिक सम्मेलन में मेंटर ऑफ द ईयर पुरस्कार से किया गया सम्मानित।
3. कल अंबेडकरनगर और 18 अगस्त को अयोध्या में लगेगा वृहद रोजगार मेला रू डेढ़ सौ प्रतिष्ठित कंपनियां देंगी 70 हजार से ज्यादा युवाओं को रोजगार।

और

4. राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को छठवीं पुण्यतिथि पर दे रहा श्रद्धांजलि : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– सदैव प्रेरणा दंगे अटलजी के मूल्य और सिद्धांत।

———————————

कोलकाता के मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ कथित दुष्कर्म और हत्या के विरोध में प्रदेश में आज जूनियर डॉक्टरों ने काली पट्टी बांध कर प्रदर्शन किया।

लखनऊ स्थित किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी, लोहिया संस्थान और एसजीपीजीआई में प्रदर्शन का असर दिखा। कानपुर जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के गेट पर जूनियर डॉक्टरों ने प्रदर्शन कर घटना के आरोपी को फांसी देने की मांग की। अम्बेडकर नगर राजकीय मेडिकल कॉलेज, हरदोई मेडिकल कॉलेज समेत अन्य मेडिकल कॉलेज में आज प्रदर्शन कर जूनियर डॉक्टरों ने रोष जताया। प्रदर्शन के कारण रेजीडेंट डॉक्टरों ने ओपीडी का बहिष्कार किया। हालांकि सीनियर डॉक्टरों ने मरीज देख और इमरजेंसी सेवाएं भी चालू हैं।

उधर, भारतीय चिकित्सा संघ ने कल सुबह छह बजे से 24 घंटे के लिए देशभर में गैर–आपातकालीन सेवाएं बंद रखने की घोषणा की है। चिकित्सा संघ ने कहा है कि सभी आवश्यक और आपातकालीन सेवाएं जारी रहेंगी।

————————

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि डॉक्टरों के खिलाफ हिंसा के मामले में संबंधित संस्थान के प्रमुख को अधिकतम छह घंटे के भीतर संस्थान की तरफ से प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराना अनिवार्य होगा। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक अतुल गोयल ने इस संबंध में केंद्र सरकार के अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों के प्रमुख को पत्र लिखा है।

————————

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह को आज लखनऊ में अमेरिकन कॉलेज ऑफ फिजिशियन–एसीपी इंडिया चप्टर के 9वें वार्षिक सम्मेलन में मेंटर ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि भारत आज स्वास्थ्य, विज्ञान और अनुसंधान समेत अन्य क्षेत्रों में नेतृत्व करने में सक्षम है और दुनिया भी इस बात को स्वीकार कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत विभिन्न रोगों से संबंधित अनुसंधानों में अग्रणी है क्योंकि भारत में बीमारियों की रोकथाम के लिए कई तरह के उपाय किए गए हैं, जिसका अनुसरण अन्य देश भी कर रहे हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में फार्मा, अंतरिक्ष समेत अन्य क्षेत्रों में निजी निवेश को प्रोत्साहित किया गया है। उन्होंने निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों के साथ–साथ उन्नत चिकित्सा विज्ञान में अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के बीच सहयोग के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए युवा पीढ़ी से राष्ट्र निर्माण में योगदान करने की अपील की।

————————

पश्चिम बंगाल में डॉक्टर से रेप और हत्या की घटना पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी

ने लखनऊ में प्रेसवार्ता कर पश्चिम बंगाल सरकार पर असंवेदनशील होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जितना अधिक पीड़ादायक घटना है, उससे ज्यादा दुःखद ममता सरकार और इंडी गठबंधन का रवैया है।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अवाडा सोलर पावर प्रोजेक्ट का वर्चुअली उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रोजेक्ट ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के तहत हुए एमओयू के धरातल पर उतरने का उदाहरण है। 70 मेगावाट वाला यह रिन्यूबल एनर्जी प्लांट 4 सौ से अधिक रोजगार के सृजन का जरिया भी बनेगा। बाइट....

*70 रिन्यूबल एनर्जी के इस नये प्लांट के उद्घाटन का यह अवसर उत्तर प्रदेश ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के एमएयू के सफलता पूर्वक जमीनी धरातल पर उतरने का एक नये अध्याय की शुरूआत है। यह इंवेस्टमेंट एक इंवेस्टमेंट नहीं है यह लगभग 400 से अधिक रोजगार के सृजन का भी एक माध्यम है और साथ ही साथ प्रधानमंत्री मोदी जी के 2050 तक भारत को नैक जीरों के लक्ष्य को प्राप्त करने के उस अभियान का एक महत्वपूर्ण कड़ी का हिस्सा है।*

———————————

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने आज पृथ्वी अवलोकन उपग्रह और एसआर–ओ उपग्रह का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया। इन उपग्रहों को लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान की तीसरी विकास उड़ान के जरिए अंतरिक्ष में भेजा गया। मिशन निदेशक एस. एस. विनोद ने कहा है कि

यह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। वहीं, उपग्रह निदेशक एम. अविनाश ने कहा कि इस प्रक्षेपण ने गगनयान परियोजना में अंतरिक्ष यात्रियों की मदद के लिए एवियोनिक्स और रिमोट सेंसिंग के लिए एक नया डेटाबेस भी उपलब्ध कराया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया संदेश के जरिये इस कार्यक्रम से जुड़े सभी वैज्ञानिकों और अधिकारियों को बधाई दी है।

———————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

——————————

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की ओर से 17 और 18 अगस्त को क्रमशः अंबेडकरनगर और अयोध्या में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसमें करीब

150 प्रतिष्ठित कंपनियां 70 हजार से ज्यादा रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। रोजगार मेले का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल अंबेडकरनगर में करेंगे। यह रोजगार मेला उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय और एमएसएमई विभाग के तत्वावधान में आयोजित हा रहा है। रोजगार मेला प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा। इसमें उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन और आईटीआई के प्रशिक्षण प्राप्तकर्ता छात्रों के साथ ही अन्य सामान्य विद्यार्थी प्रतिभाग कर सकेंगे।

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता  राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि कल अंबेडकरनगर के देव इंद्रावती महाविद्यालय कैंपस, कटेहरी और 18 अगस्त को अयोध्या के आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय,कुमारगंज में यह वृहद रोजगार मेला आयोजित होगा। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए ऑनलाइन या ऑफलाइन पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

———————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने जन्माष्टमी के कारण यूजीसी नेट–2024 के परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव किया है। यूजीसी नेट की 26 अगस्त को होन वाली परीक्षा अब 27 अगस्त को होगी। यूजीसी नेट क 84 विषयों की परीक्षा 21 अगस्त से चार सितम्बर के बीच कराई जानी है।

---

देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की आज छठवीं पुण्यतिथि है। राजनेता के अलावा हिंदी कवि, पत्रकार और प्रखर वक्ता के तौर पर पहचान रखने वाले स्व वाजपेयी तीन बार देश के प्रधानमंत्री रहे। राष्ट्र आज उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के लोकभवन में अटल जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल जी की कविताएं, उनकी स्मृतियां, भारतीय राजनीति के लिए उनके मूल्य और सिद्धांत सदैव प्रेरणा देते रहेंगे। अन्त्योदय की योजना को उन्होंने गरीबों तक पहुंचाने का काम किया। बाइट....

*सुशासन का मॉडल कैसा होना चाहये ऐप के अंदर इंफ्रास्क्ट्रचर का मॉडल कैसा होना चाहिये, ग्रामीण विकास में विकास का मॉडल कया होना चाहिये, गरीबों के लिये खाद्यान की योजना को आसान करने के लिये अन्त्योदय की योजना उन परिवारों तक पहुंचाने के लिये जो कार्यक्रम सफलतापूर्वक क्रियान्वयन हुए वे सभी अटलजी की दूरदृष्टि का परिणाम है।*

पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि पर अटल बिहारी मेमोरियल फाउंडेशन ने लखनऊ में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी समारोह में काव्य पाठ का आयोजन किया गया।

---

कौशांबी के सैनी थाना क्षेत्र के गुलामीपुर कस्बे के पास कांवड़ियों से भरी गाड़ी सामने खड़े ट्रक से टकरा

गई। हादसे में एक महिला समेत तीन कांवड़ियों की मौत हो गई, जबकि 18 अन्य सवार घायल हो गए। कांवड़िये छत्तीसगढ़ के देवघर से दर्शन पूजन कर बलरामपुर वापस लौट रहे थे, तभी कौशाम्बी जनपद में हादसे का शिकार हो गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे में जान गंवाने वालों के शोक संतृप्त परिजनों क प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने घायलों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं।

(समाप्त)